'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का नया प्रोमो रिलीज

सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के नये सीजन का नया प्रोमो रिलीज हो गया है.

शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के नए सीजन की घोषणा ने सोशल मीडिया पर पहले ही हलचल मचा दी थी, और जैसे ही पहला प्रोमो रिलीज हुआ, दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया. प्रोमो ने सिर्फ नए सीजन की झलक ही नहीं दी, बल्कि तुलसी का लुक भी सामने आया जिसमें वही गरिमा और मजबूती झलक रही थी, जिसकी वजह से वो हमेशा फैंस की पसंदीदा रही हैं.

अब जब नया प्रोमो रिलीज हो चुका है, मेकर्स ने इसे शेयर करते हुए लिखा है, बदलते वक्त के साथ एक नए नजरिए के साथ लौट रही है तुलसी! क्या आप तैयार हैं उसके इस नए सफर में उसके साथ जुड़ने के लिए? देखिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी, 29 जुलाई से, रात 10:30 बजे, सिर्फ स्टार प्लस पर और कभी-कभी जियोहॉटस्टार पर!

बोलबम गीत जागी जागी महादेव रिलीज

अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का बोलबम गीत %जागी जागी महादेव% रिलीज हो गया है.

भोजपुरी बोलबम गीत जागी जागी महादेव वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है. माही श्रीवास्तव ने कहा कि %यह बोलबम गीत भोलेबाबा की भक्ति पर आधारित है, जोकि बहुत ही प्यारा है. इस गीत में काम करते समय लग रहा था कि जैसे हम सब देवों के देव महादेव के सामने ही हैं. भगवान शिव भोले की कृपा सब पर बनी रहे. इतना बेहतरीन बोलबम गीत बनाने के लिए रत्नाकर कुमार सर को दिल से बार बारधन्यवाद कहती हूँ. इस गाने को प्यार देने के लिए सभी को दिल से धन्यवाद देती हूं.

वहीं गोल्डी यादव ने कहा कि %बोलबम का ये गीत गाते समय मैं पूरे मन से भोलेनाथ में खो गई थी. इस गीत को गाकर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है. सावन में एक से बढ़कर एक बोलबम गीत बनाने के लिए रत्नाकर कुमार सर को दिल से धन्यवाद देती हूं.%

वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी बोलबम गीत जागी जागी महादेव के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं. इस गीत को गोल्डी यादव ने गाया है. इस गाने में अभिनेत्री माही श्रीवास्तव ने भक्ति भाव में अदाकारी से सबका दिल जीत लिया है. इस गाने को शुभदयाल सोहरा ने लिखा है.



नीरज पांडेय सर अब मुझे दोस्त जैसा ट्रीट करते हैं : करण टैकर

बॉलीवुड अभिनेता करण टैकर का कहना है कि फिल्मकार नीरज पांडेय उन्हें अब दोस्त की तरह ट्रीट करते हैं.

करण टैकर ने वर्ष 2020 में प्रदर्शित फिल्मकार नीरज पांडे की वेबसीरीज स्पेशल ऑप्स में काम किया. इस सीरीज में करण ने खुफिया अधिकारी फारूक अली का किरदार निभाया था, जिसे लोगो ने बेहद पसंद किया. करण टैकर अब 'स्पेशल ऑप्स 2' में दोबारा फ़ारूक़ अली की दमदार भूमिका में लौटे हैं और इस बार वो सिर्फ रॉ एजेंट नहीं, बल्कि एक इमोशनल योद्धा बनकर सामने आ रहे हैं.

करन टैकर ने बताया, स्पेशल ऑप्स 2 में हर स्टंट एक नया अग्निपरीक्षा था. नीरज सर को शॉर्टकट पसंद नहीं .हर लोकेशन रियल, हर रिस्क असली. कहीं उंचाई से कूदना, कहीं सचमुच की मार खाना. यह सब मुझसे मेरी लिमिट से बाहर जाने की मांग करता था. लेकिन जो थ्रिल मिलता है, वो कहीं और नहीं मिलता.

करण टैकर ने नीरज पांडे के साथ पहले भी दो बार काम किया है. लेकिन इस बार करण टैकर का नीरज पांडेय से रिश्ता थोड़ा और दिल से जुड़ गया है. करण टैकर ने कहा,नीरज सर अब मुझे दोस्त जैसा ट्रीट करते हैं .मेरे लिए ये बहुत बड़ी बात है. उनकी ईमानदारी वाली फिल्ममेकिंग से मैं हमेशा प्रेरित रहा हूं. उनके क्रिएटिव वर्ल्ड का हिस्सा बनना खुद में एक अवॉर्ड जैसा है.

सोनम बाजवा ने बागी 4 की शूटिंग की पूरी

जानीमानी अभिनेत्री सोनम बाजवा ने फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है. सोनम बाजवा ने टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म बागी 4 की शूटिंग पूरी कर ली है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है. सोनम बाजवा ने एक पोस्ट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें क्लैपरबोर्ड के साथ पोज दे रही हैं. इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है और फिल्म के बारे में जानकारी दी है.

सोनम बाजवा ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है और बस यूं ही बागी 4 की शूटिंग पूरी हो गई. यह मेरी दूसरी हिंदी फिल्म है. यह एक ऐसा सफर है जो जोश और विश्वास से बुना गया है. मेरे शानदार निर्देशक ए. हर्षा, हमारे दूरदर्शी निर्माता साजिद सर, मेरे अद्भुत सह-कलाकार टाइगर श्रॉफ और इस कहानी में अपना सब कुछ देने वाली दीसी जिंदल समेत हर व्यक्ति का आभार. इस अध्याय को आपके साथ साझा करने के लिए बेताब हूं.

बागी फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है. इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, सोनम बाजवा, संजय दत्त और हरनाज संधू अहम किरदार में हैं. बागी 4 05 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.



एंजेलिना की बेटी ने पार्टनर के साथ रहने के लिए छोड़ा घर

हॉलीवुड की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एंजेलिना जोली अपनी बेटी को लेकर इस वक्त परेशान हैं. हाल ही में बेटी ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है. इस बात से एंजेलिना जोली नाराज हैं. रडार ऑनलाइन की एक रिपोर्ट्स के मुताबिक एंजेलिना जोली अपनी बेटी के इस फैसले से खुश नहीं है.

कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेट शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही है. दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें. वह चाहती हैं कि उनके बच्चे एक सुरक्षित माहौल में रहें. एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने छह बच्चे हैं. मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और दो जुड़वां बच्चे नॉक्स और विविएन हैं. कई साल पहले ब्रैड पिट और एंजेलिना जोशी का तलाक हुआ. सभी बच्चे एंजेलिना के साथ रहते हैं.

कुछ हॉलीवुड मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शिलोह का गर्लफ्रेंड के साथ रहना ब्रैड पिट को भी रास नहीं आ रहा है. वह भी बेटी को लेकर टेंशन में हैं. मगर इस इसके लिए बहुत हद तक एंजेलिना को जिम्मेदार मानते हैं.पिछले साल नवंबर में शिलोह और केओनी रोज को साथ देखा गया था, तभी से इनके रिलेशनिशप को लेकर अटकलें लगनी लगीं. दोनों को साथ में कई मौकों पर बाद में भी देखा गया. अब ये दोनों साथ रहने लगी हैं. इससे इनका अफेयर कंफर्म हो गया है.

एसएस राजामौली ने की जेनेलिया की तारीफ

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार एसएस राजामौली ने अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा की तारीफ की है. जेनेलिया डिसूजा की तेलुगु फिल्म 'जूनियर' का हाल ही में प्री इवेंट हुआ. इस इवेंट में राजामौली ने जेनेलिया की तारीफ की. इस इवेंट मे एसएस राजामौली ने कहा, जेनेलिया, तुमने तो समय को रोक दिया है. कितने साल बीत गए, फिर भी तुम बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं. वही खूबसूरती, वही शालीनता. मैंने सिनेमैटोग्राफर सेंथिल से भी पूछा कि क्या हमें इसमें नई जेनेलिया देखने को मिलेगी, और उन्होंने भरोसा दिलाया, जरूर मिलेगी. मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं.%

राजामौली से मिली तारीफ को सुनकर जेनेलिया काफी खुश हुयी और उन्होंने इसके लिये राजामौली का शुक्रिया अदा किया.राजामौली के साथ जेनेलिया ने फिल्म सई में काम किया था. जेनेलिया ने लंबे समय के बाद फिल्म सितारे जमीन पर से बड़े पर्दे पर वापसी की है.

43 वर्ष की हुईं प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा आज 43 वर्ष की हो गयी. झारखंड के जमशेदपुर में जन्मी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बरेली से पूरी की. बाद में उन्होंने लखनउ और मुंबई से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की. इस बीच उनका रूझान मॉडलिंग इंडस्ट्री की ओर हो गया और वह मॉडल के रूप में काम करने लगीं. वर्ष 2000 में प्रियंका चोपड़ा ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और दूसरे स्थान पर रहीं. बाद में उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड के खिताब से नवाजा गया . मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय सुंदरता का परचम पूरी दुनिया में लहराते हुये रीता फारिया के बाद मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली वह पांचवीं भारतीय सुंदरी बनीं.

प्रियंका चोपड़ा ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 2002 में तमिल फिल्म से की. इस फिल्म को व्यावसायिक सफलता तो नहीं मिली लेकिन अपने दमदार अभिनय से उन्होंने समीक्षकों का दिल जीत लिया.

वर्ष 2003 में उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रखा और सन्नी देओल और प्रीति जिंटा के साथ ..द हीरो लव स्टोरी ऑफ द स्पाई ..में काम किया. यह फिल्म टिकट खिड़की पर सफल साबित हुयी और उनके अभिनय को दर्शको के साथ ही समीक्षकों ने भी काफी पसंद किया .

यंग इंडिया

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 588 पदों पर निकाली भर्ती

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने अप्रेंटिस के 588 विभिन्न पदों पर एक साल के ट्रेनिंग पीरियड के लिए भर्ती का नोटिस जारी किया है. जिसमें ग्रेजुएट और डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए 278 पद और ट्रेड अप्रेंटिस के लिए 310 पदों पर भर्ती की वैकेंसी निकली है. ग्रेजुएट और डिप्लोमा अप्रेंटिस पद के लिए अप्लाई करने का लास्ट डेट 10 अगस्त, 2025 और ITI ट्रेड अप्रेंटिस पद के लिए अप्लाई करने का लास्ट डेट 2 सितंबर, 2025 तय किया है.

योग्यता- एचएएल की इस नई भर्ती में आवेदन के लिए अलग-अलग योग्यता चाहिए. आईटीआई अप्रेंटिसशिप के लिए उम्मीदवारों के पास आईटीआई संबंधित ट्रेड में पास होना चाहिए. इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए 4 साल की बी.ई/बीटेक/बी.फार्मा की डिग्री संबंधित ब्रांच में होनी चाहिए. डिप्लोमा के लिए 3 साल का डिप्लोमा और नॉन टेक्निकल ग्रेजुएट्स के लिए 3/4 साल की डिग्री संबंधित विषय में मांगी गई है. जो अभ्यर्थी पहले से किसी भी कंपनी में अप्रेंटिस के लिए रजिस्टर्ड हैं, या यह ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं वे आवेदन के योग्य नहीं हैं.

आयुसीमा- हिंदुस्तान एयरनॉटिक्स लिमिटेड के नियमों के मुताबिक एज लिमिट रहेगी.

स्टाइपेंड- 2 साल आईटीआई ट्रेड को 8050 रुपये, इंजीनियरिंग ग्रेजुएट को 9000 रुपये, डिप्लोमा वालों को 8000 रुपये और नॉन टेक्निकल ग्रेजुएट को 9000 रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा.

चयन प्रक्रिया- मेरिट बेस, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल फिटनेस, पुलिस वेरिफिकेशन आदि चरणों के जरिए अभ्यर्थियों का चयन होगा.

कम तनाव के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी!

आज के समय हर किसी के पास कुछ ना कुछ परेशानी है. वहीं, रहने-खाने के लिए लोगों को नौकरी भी करनी है. ऐसे में लोग ये भी चाहते हैं कि कुछ ऐसा काम हो, जिसमें टेंशन कम हों. इसलिए आज के इस खबर में हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ ऐसी नौकरी, जिन्हें आप अपने इंटरेस्ट के हिसाब से कर सकते हैं

अगर आप कुछ-कुछ समय पर अपने स्किल्स को अपडेट करते रहे तो, आप अच्छी जॉब हासिल कर सकते हैं वो भी कम स्ट्रेस के. हालांकि, ये बात आपको ध्यान रखनी होगी, कि अगर आप अपने मन पसंद काम को करेंगे तो आपको चाह कर भी स्ट्रेस नहीं होगा. वहीं, अगर बिना मन के आप कोई भी काम करते हैं तो ये आपको बोझ ही लगेगा.

टीचर

अगर आपको पढ़ना और पढ़ाना पसंद है तो आप टीचर बन सकते है. सिर्फ स्कूल या कॉलेज ही नहीं आज के डिजिटल युग में आप घर बैठे ऑनलाइन कोचिंग क्लास भी चला सकते हैं. अगर आपको दूसरी भाषा भी आती है तो आप घर बैठे इंटरनेशनल क्लास भी ले सकते हैं. इसके लिए आप कम टेंशन के साथ अच्छा पैसा कमा सकते हैं.

न्यूट्रिशनिस्ट या फिर डायटीशियन

वहीं, आजकल कम उम्र में ही लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिससे उनकी सेहत को लेकर जागरूकता में इजाफा हो रहा है. ऐसे में लोग अब सर्टिफाइड न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स की तलाश में रहते हैं ताकि वे अपनी हेल्थ को अच्छा कर सकें. इसलिए आप एक न्यूट्रिशनिस्ट या फिर डायटीशियन बन सकते हैं. इस काम को भी आप ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीकों से कर सकते हैं.

कंटेंट राइटर

लिखने का शौक है तो कंटेंट राइटर का काम भी आपके लिए अच्छा हो सकता है. इसमें आपके ऊपर ज्यादा टेंशन नहीं होगा और आप शांति से रोजाना आर्टिकल लिख सकते हैं.

माध्यमिक शिक्षक के 1373 पदों पर करें आवेदन

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग आज से सेकेंडरी टीचर के 1,373 पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने वाला है. इस भर्ती को पहले तकनीकी कारणों से अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया था, लेकिन नए कार्यक्रम के अनुसार, पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू हो रहा है. इच्छुक उम्मीदवार 27 जुलाई 2025 (मध्य रात्रि) तक आवेदन कर सकते हैं. इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट jssc.jharkhand.gov.in. पर जाकर इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं.

इतना मिलेगा वेतन- यह भर्ती पारंपरिक विषयों के साथ-साथ कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे आधुनिक विषयों के लिए की जाएगी. उम्मीदवारों को हर महीने पे मैट्रिक्स लेवल-6 के अनुसार 35,400 रुपये से लेकर 1,12,400 रुपये वेतन दिया जाएगा.

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि- 27 जुलाई 2025

परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि- 29 जुलाई 2025 (मध्य रात्रि तक)

फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि31 जुलाई 2025 (मध्य रात्रि तक)

आवेदन फॉर्म में संशोधन की तिथि 2 अगस्त से 4 अगस्त 2025

आयुसीमा एवं शैक्षणिक योग्यता- आवेदकों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से राज्य के सरकारी विद्यालयों में माध्यमिकस्तर पर पढ़ाये जाने वाले विषयों में से संबंधित विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित पोस्ट ग्रेजुएट तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् से मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएड/बी.ए.एड./ बी.एससी. एड. डिग्री होनी चाहिए.

खुफिया विभाग में करियर की शुरुआत

इंटेलिजेंस ब्यूरो यानी भारत की खुफिया एजेंसी में सरकारी नौकरी पाने का आपका सपना सच हो सकता है. जी हां... आईबी ने IB ACIO II/एग्जीक्यूटिव के लिए 3717 वैकेंसी निकाली है. जिसमें आज 19 जुलाई से आवेदन भी शुरू हो चुके हैं. जो अभ्यर्थी आईबी में जॉब पाना चाहते हैं, वो लास्ट डेट 10 अगस्त तक इस भर्ती में फॉर्म अप्लाई कर सकते हैं.

आईबी असिस्टेंट सेंट्रल इंटेलिजेंस ऑफिसर ग्रेड II/एग्जीक्यूटिव में आवेदन करने के लिए आपको कंप्यूटर की नॉलेज होनी चाहिए. साथ ही मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएट होना जरूरी है. आयुसीमा 18-27 वर्ष तक मांगी गई है. लेकिन अगर आप आरक्षित वर्ग से संबंधित है, तो आपको एज लिमिट में नियमानुसार छूट मिलेगी. ये तो हो गई बेसिक योग्यता जो आपको खुफिया एजेंसी में नौकरी का फॉर्म भरने के लिए चाहिए होगी. लेकिन केवल इतना ही काफी नहीं है.

फॉर्म और सेलेक्शन

आपको आईबी की इस वैकेंसी में आवेदन के लिए कुछ जरूरी दस्तावेजों की भी आवश्यक्ता पड़ेगी. ऐसे में ये डॉक्यूमेंट्स होना आपके लिए बेहद जरूरी है. नोटिफिकेशन में इन डॉक्यूमेंट्स की पूरी लिस्ट बताई गई है. इनकी जरूरत आपको आवेदन के साथ आईबी में सेलेक्ट होने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए भी पड़ेगी. इन दस्तावेजों को आपको भर्ती बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत भी करना होगा.